तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

14 पिकनिक में गए दसवीं के दो छात्रों की करकाघाट...



14 चारामा साप्ताहिक बाजार बना गंदगी का...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

खबर संक्षेप



नवोदय चयन परीक्षा कीकलंगपुरी में कोचिंग

दुर्गूकोंदल। संकुल केंद्र कलंगपुरी के अंतर्गत प्राशा पुजारीपारा में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई। इसमें सात प्राथमिक शालाओं के 34 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। नियमित टेस्ट और अभ्यास परीक्षाएं भी होंगी। संकुल की ओर से कॉपी-पेन उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक बृजभूषण आर्य, तुलसीराम ठाकुर, श्याम कुमार कचलाम, चेतन कुमार गोटी, महेश कुमार ध्रुव, बेदी लाल केमरो, शशिकला बघेल, नीलिमा साहू, मनीष सोनी, राजेश कुमार उसेंडी, मनबोध पुरामें एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आश्रित परिवार को मिली 50 हजार की अनुग्रह राशि



भानुप्रतापपुर। शासकीय उमावि कोनेचुर में पदस्थ व्याख्याता भक्त प्रहलाद पोया का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। हादसे से विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत में शोक व्याप्त है। शासन के नियमानुसार प्राचार्य के माध्यम से आश्रित परिवार को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। इस दौरान प्राचार्य राकेश द्विवेदी, उप प्राचार्य जयराम तेता, व्याख्याता चंदन टेकाम, निराशा रावटे सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक लाख की शराब जब्त, गांव-गांव में सप्लाई करने के आरोप में दो गिरफ्तार

कोयलीबेड़ा क्षेत्र में अब तक शराब की कोचियागिरी करने वाले दो आरोपियों ने पुरानी कार खरीदकर बड़े पैमाने पर शराब तस्करी कर गांव-गांव तक शराब पहुंचाने में संलिप्त दो तस्करों को शराब के साथ दबोचने में कोयलीबेड़ा पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने कार से बड़ी मात्रा में शराब बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/कोयलीबेड़ा

कोयलीबेड़ा विकासखंड के सिकसोड़ थाना क्षेत्र के डूमरकोट निवासी 36 वर्षीय मोहनलाल नेताम पिता रामसिंह नेताम और 39 वर्षीय भगत सिंह ताम्रकार पिता मनीराम ताम्रकार शराब की कोचियागिरी करते थे। दोनों अपने ही गांव में अवैध रूप से शराब बेचने का काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने योजना बनाकर जिले की विभिन्न शराब दुकानों से शराब एकत्र की। इसके बाद रायपुर से पुरानी कार खरीदकर स्वयं शराब तस्करी करने लगे और गांव-गांव तक शराब पहुंचाने की तैयारी में थे। इसी दौरान कोयलीबेड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 144.600 लीटर अंग्रेजी शराब एवं बीयर, 600 रुपए नगद तथा अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त इंडिको वाहन क्रमांक सीजी 04 एचसी 1986 बरामद किया।

जब्त शराब, नगदी और वाहन की कुल कीमत करीब 1 लाख 11 हजार 80 रुपए बताई गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।



- रायपुर से पुरानी कार खरीदकर शुरू किया था तस्करी का खेल
- जिले की कई दुकानों से शराब खरीदकर डंप करने के बाद करते थे सप्लाई



इन ब्रांडों की शराब हुई बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से ग्रांड कोलंबिया की 5 पेटी बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 48 पौवा थे। इसके अलावा शीम्बा बीयर की 4 पेटी बरामद हुई, जिनमें कुल 48 बोतलें थीं। वहीं प्रेसिडेंट 5000 सुपर स्ट्रॉन्ग बीयर की 9 पेटी बरामद की गईं, जिनमें कुल 108 बोतलें थीं। पुलिस के मुताबिक, यह शराब दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ सहित अन्य स्थानों की दुकानों से खरीदकर एकत्र की गई थी।

तस्करों को भेजा जेल

कोयलीबेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक निर्मल जांगड़े ने बताया कि शराब की अवैध सप्लाई की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ आशीष बंछोर और एसडीओपी अंतागढ़ संतोष कुमार जैन के संज्ञान में लाकर उनके मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। दोनो तस्करों के खिलाफ नियमानुसार आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सरोना के साल्हेभाट में बिना परमिशन पेड़ों की बलि

निजी जमीन के 178 सेन्हा पेड़ों की अवैध कटाई, 510 नग बल्ली जब्त

निजी जमीन पर खड़े हरे-भरे पेड़ों की कटाई को लेकर सरोना तहसील क्षेत्र में एक और मामला सामने आया है। साल्हेभाट गांव में खसरा नंबर 307 की जमीन से कथित तौर पर 178 छेना के पेड़ काटकर 510 नग बल्ली तैयार किए जाने का मामला सामने आया है। राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और बिना परमीशन के पेड़ो को काटकर रखी गई लकड़ी को जब्त कर लिया। मामले में यह भी पता लगाया जा रहा है कि जमीन की रजिस्ट्री के दौरान पेड़ों का उल्लेख किया गया था या नहीं।

राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई से मचा हडकंप

- जमीन बिक्री के बाद बिना अनुमति कटवाए सेन्हा के पेड़ की कार्रवाई
- रजिस्ट्री में पेड़ों के उल्लेख और अनुमति की हो रही पतासाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जानकारी के अनुसार सरोना तहसील अंतर्गत साल्हेभाट में खसरा नंबर 307 की जमीन रजवंतिन के नाम पर है और लगभग दो माह पहले कांकेर के सिंगारभाट निवासी प्रकाश कुमार साक्षी ने खरीदी और इन्होने जमीन मालिक से कहा था कि बाउण्ड्रीवाल करके देना पड़ेगा। रजवंतिन के पुत्र मनोज जायसवाल पिता नारायण प्रसाद ने जमीन बेचने के बाद बिना परमीशन के 178 छेना के पेड़ की कटाई करके उससे 510 बल्ली तैयार करवा दिया। मौके पर पहुंची संयुक्त टीम ने कटे हुए पेड़ों और उनसे तैयार की गई लकड़ियों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 178 सेन्हा पेड़ों की कटाई से तैयार 510 नग बल्ली मिलने की बात सामने आई है। इतनी बड़ी संख्या में शेष पेज 12 पर



रजिस्ट्री में पेड़ों का उल्लेख था या नहीं जांच का विषय

मामले में अब जमीन की रजिस्ट्री को भी जांच के दायरे में लिया जा सकता है। राजस्व विभाग द्वारा यह पता लगाने की प्रक्रिया की जा रही है कि जमीन की बिक्री के समय तैयार किए गए दस्तावेज में वहां मौजूद पेड़ों का उल्लेख किया गया था या नहीं। इसके अलावा जमीन के स्वामित्व में बदलाव के बाद पेड़ों की कटाई के लिए किसी प्रकार की अनुमति ली गई थी या नहीं, इसकी भी पतासाजी की जा रही है।

सरोना क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे लकड़ी कटाई के मामले

सरोना वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में लकड़ी कटाई और परिवहन से जुड़े मामलों के सामने आने से वन विभाग की कार्रवाई पर भी नजर बनी हुई है। दो दिन पहले छिंदखड़क क्षेत्र में लकड़ी से भरा ट्रक और जेसीबी जब्त किए जाने के बाद अब साल्हेभाट में 178 पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। लगातार सामने आ रहे मामलों ने क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लकड़ी के परिवहन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फाइनेंस बैंक कांकेर से 6.47 लाख का गबन, कैशियर पर मामला दर्ज



- इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक कांकेर शाखा के कैशियर ने ग्राहकों के खाते से उड़ाए लाखों
- ग्राहकों के चेक और जमा राशि दूसरे खातों में ट्रांसफर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

फाइनेंस बैंक में जमा अपनी गाढ़ी कमाई को सुरक्षित मानकर निश्चिंत बैठे ग्राहकों को उस समय बड़ा झटका लगा, जब खातों की जांच में उनकी रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर और नकद निकासी किए जाने का मामला सामने आया। फाइनेंस बैंक के तत्कालीन कैशियर ने यह खेल खेलते हुए शाखा में ग्राहकों के खातों से कथित तौर पर करीब 6 लाख 47 हजार रुपये की हेराफेरी किया है।

जानकारी के अनुसार मामले की शुरुआत ग्राहक शेष पेज 12 पर

विजिलेंस टीम की जांच में खुलासा मामला दर्ज

बैंक प्रबंधन ने मामले की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को दी, जिसके बाद विजिलेंस टीम से जांच कराई गई। शिकायत के अनुसार जांच में तत्कालीन कैशियर द्वारा कुल 6 लाख 47 हजार रुपये की कथित वित्तीय गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद ब्रांच मैनेजर आनंद कुमार साहू ने थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराई। तत्कालीन कैशियर सोमू जायसवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दस्तावेजों, खातों में हुए लेन-देन और संबंधित बैंक रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है।



खबर संक्षेप

बारसूर का दबदबा, बीजापुर को पेनाल्टी में हराया



गीदम। पर्यटन नगरी बारसूर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित पर्यटन फुटबॉल कप का दूसरा दिन भी रोमांच से भरपूर रहा। कन्या विद्यालय ग्राउंड में खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को जबरदस्त खेल देखने को मिला। दूसरे दिन का पहला और सबसे रोमांचक मुकाबला बारसूर 'ए' और बीजापुर ब्रदर्स के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बारसूर 'ए' की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए बीजापुर ब्रदर्स को 4-2 गोल से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। दिन का दूसरा मुकाबला दंतेवाड़ा डीआरजी और सुरोखी के बीच खेला गया। इस मैच में दंतेवाड़ा डीआरजी की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सुरोखी की टीम को पराजित किया और अगले राउंड में प्रवेश किया। दोनों मुकाबलों के दौरान मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखने लायक था। स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट को लेकर नगर में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीवांशु सूर्यवंशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रौंजे सरपंच अनिल तरमा, लोकेश पुजारी, विजय मरकाम, कृष्ण ठाकुर और जय कुमार मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी कांटे के मुकाबले देखने को मिलेंगे।

अनाज और सब्जियों से उकेरी 34 फीट की भव्य रंगोली




दंतेवाड़ा। स्वच्छ भारत अभियान एवं सेवा संकल्प की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गीदम विकासखंड अतंर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में विशेष रंगोली निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों ने 34 फीट, कुल 289 वर्गफीट क्षेत्र में अनाज, दालों, सब्जियों और प्राकृतिक पत्तियों से आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल रंगोली तैयार की। रंगोली की विशेषता यह रही कि इसमें रासायनिक रंगों का उपयोग नहीं किया गया। पत्तागोभी, हरी मिर्च, हरी फलियां, टमाटर एवं आलू से झाड़, वृत्ताकार सीमा और पंखुड़ियों की आकृतियां बनाई गईं। वहीं धान, मसूर, चना, मक्का और उड़द से 'सेवा-संकल्प क्लीन इंडिया कूड़ेदान तथा महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति उकेरी गई। केले के पत्तों से रंगोली को प्राकृतिक हरित आधार प्रदान किया गया। रंगोली के माध्यम से स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक-मुक्त परिसर का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के नवाचार और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और सेवा को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय परिसर को प्लास्टिक-मुक्त रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

निधन

राधिका पाणिग्राही

जगदलपुर। शहर के भैरमदेव वार्ड निवासी राधिका पाणिग्राही पति स्व. गणेश प्रसाद पाणिग्राही का 86 वर्ष में 30 सितंबर की रात्रि निधन हो गया। राधिका पाणिग्राही रुद्र नारायण पाणिग्राही एवं भूपेंद्र पाणिग्राही की माताजी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया।



72 घंटे की समय-सीमा में फंसा किसानों का हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

जिले में लगातार हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई है। कई किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद

■ फसल बीमा की जानकारी गांव-गांव नहीं पहुंचने से किसान परेशान

हो गई है, ऐसे में किसानों के सामने फसल नुकसान की भरपाई को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी बीच प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति की सूचना और दावा प्रक्रिया को लेकर किसानों में पर्याप्त जानकारी नहीं होने का मामला सामने आया है। किसानों का कहना है कि फसल नुकसान की सूचना निर्धारित समय-सीमा में देना आवश्यक है, लेकिन गांव स्तर पर योजना की जानकारी, दावा प्रक्रिया और संबंधित हेल्पलाइन की जानकारी पर्याप्त रूप से नहीं पहुंचने के कारण अनेक किसान असमंजस में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को यह तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि फसल क्षति की सूचना कहां और किस माध्यम से दर्ज कराई जाए।

किसानों की इस परेशानी को देखते हुए जनपद सदस्य हेमराज बघेल स्वयं



विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत अपने जनपद सदस्य क्षेत्र गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। वे चौपाल लगाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसल क्षति की सूचना देने की प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। किसानों की सहायता के लिए उनके स्तर पर निःशुल्क सहयोग भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। ऐसे समय में यदि किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी और दावा करने की प्रक्रिया समय पर नहीं मिलेगी, तो उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि प्रभावित किसानों तक समय पर सही जानकारी पहुंचाई जाए और कोई भी पात्र किसान अपने अधिकार से वंचित न हो।

हर पंचायत में तत्काल शिविर लगाने की मांग

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बस्तर जिले की सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों में तत्काल विशेष फसल बीमा सहायता शिविर लगाए जाएं। इन शिविरों में किसानों को फसल क्षति की सूचना दर्ज कराने, बीमा क्लेम की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और संबंधित अधिकारियों से संपर्क की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के लिए गांव-गांव मुनादी, सूचना प्रसार और हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाला कोई भी किसान जानकारी के अभाव में दावा करने से वंचित न रह जाए।

बस्तर में बाढ़ की तबाही: घर ढहे, धान की फसल बर्बाद, 3 माह रोजगार की मांग

165 किसानों की फसल खराब, 40 से अधिक मकान ढहे

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/भोंड

लगातार बारिश और बाढ़ ने बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा दी है। कई गांवों में घरों में पानी घुसने से मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, कई परिवारों के आशियाने पूरी तरह ढह गए हैं और खेतों में पानी भरने से धान की फसल बर्बाद हो गई है। बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों के सामने अब घर दोबारा खड़ा करने और रोजी-रोटी चलाने की बड़ी चुनौती है।

■ पंचायत क्षेत्र में करीब 165 किसान खेती पर निर्भर

इसी स्थिति का जायजा लेने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने गुरुवार को विकासखंड बकावंड एवं बस्तर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर नुकसान की जानकारी ली और शासन-प्रशासन से तत्काल सर्वे, मुआवजा, फसल बीमा क्लेम और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। विधायक ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा के मांझीपारा

प्रभावित क्षेत्र धोबीगुड़ा से बेलगांव तक विधायक ने किया दौरा





पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण सात घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पंचायत क्षेत्र में करीब 165 किसान खेती पर निर्भर हैं और ग्रामीणों के अनुसार किसानों के जिस रकबे में धान की फसल लगी थी, वह पानी में डूबकर खराब हो गई है। ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि खेती ही उनकी आय का मुख्य साधन है, लेकिन पूरी फसल खराब होने के बाद अगले तीन महीने परिवारों का जीवन-यापन करना मुश्किल होगा। उन्होंने तीन माह के लिए रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि प्रभावित परिवारों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

शिविर लगाने के निर्देश

किसानों से चर्चा के दौरान विधायक ने पूछा कि उनकी फसल का बीमा हुआ है या नहीं। किसानों ने बताया कि लैम्पस के माध्यम से धान बीज लेने के दौरान बीमा कराया गया था और अब उन्हें फसल नुकसान का बीमा क्लेम मिलना चाहिए। विधायक ने तत्काल कृषि विभाग के अधिकारी से फोन पर चर्चा कर प्रभावित गांव में शिविर लगाने और किसानों को बीमा प्रक्रिया एवं क्लेम की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसल बाढ़ में खराब हुई है, उन्हें नियमानुसार बीमा लाभ दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाए।

बुजुर्ग महिला का घर ढहा

निरीक्षण के दौरान 80 वर्ष से अधिक उम्र की एक बुजुर्ग महिला ने विधायक को बताया कि उसका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। महिला ने बताया कि उसके पुत्र का निधन हो चुका है और वह अपने नाती के साथ रहती है। घर गिरने से घरेलू सामान भी नष्ट हो गया है और रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा। विधायक ने महिला की स्थिति पर चिंता जताते हुए नुकसान का उचित आकलन कर नियमानुसार सहायता एवं मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

बेलगांव में भी घरों और फसल को भारी नुकसान

इंद्रावती नदी तट पर बसे बेलगांव में ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि बाढ़ से 10 से अधिक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि 30 से अधिक मकानों में दरारें आ गई हैं। कई मकान अब रहने लायक नहीं हैं। खेतों में पानी भरने से धान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखीं और तत्काल राहत की मांग की।

शिविरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

विधायक ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को केवल तत्काल राहत ही नहीं, बल्कि उनके पुनर्वास की भी आवश्यकता है। जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनका प्राथमिकता से सर्वे कराया जाए। किसानों की फसल क्षति का आकलन कर उन्हें मुआवजा और बीमा क्लेम दिलाया जाए। राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को भोजन, पेयजल, राशन, स्वास्थ्य सुविधा और आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने ग्रामीण परिवारों की वर्षों की मेहनत और उनकी आजीविका को प्रभावित किया है। ऐसे समय में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचानी होगी।

ये रहे मौजूद

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बकावंड शिवराम बिसाई, करपावंड ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधार बघेल, मानसिंह कवासी, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, तुलाराम सेठिया, वीरेंद्र सेठिया, मोहन झाली, आयतुराम भारती, जानकी राम भारती, सीताराम नाग, कार्तिक बघेल, हेमराज भारती, संजय सेठिया, चंद्रभान सेठिया सहित ग्राम सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मालगांव में 74 से अधिक घरों में घुसा पानी

ग्राम पंचायत मालगांव में ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के दौरान 74 से अधिक घरों में पानी घुस गया था। कई मकानों में दरारें आ गई हैं और वे अब रहने योग्य नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार 40 से अधिक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। विधायक ने राजस्व विभाग के आरआई एवं पटवारी से क्षति का वास्तविक आकलन कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत और मुआवजा दिलाने की बात कही।

मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने सौंपा आवेदन

तारापुर, बनियागांव, टलनार, बजावड बेलगांव में किसानों ने पिछले वर्ष हुई ओलावृष्टि का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत भी विधायक से की। किसानों ने बताया कि तहसील कार्यालय से लगातार भुगतान जल्द होने का आश्वासन मिलता रहा, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी मुआवजा नहीं मिला। किसानों ने विधायक को आवेदन सौंपा। विधायक ने तत्काल तहसीलदार बकावंड से फोन पर चर्चा कर भुगतान की स्थिति स्पष्ट करने और किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर धरना दिया जाएगा।

आदिवासी समाज की परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ यूसीसी, कोई समझौता नहीं : कवासी

सुकमा। समान नागरिक संहिता को लेकर सुकमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा है कि यूसीसी आदिवासी समाज की परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है और इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और परंपरागत व्यवस्थाएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज कर समान कानून लागू करना उचित नहीं होगा।उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है, इसलिए हमें यह कानून मंजूर नहीं है। उन्होंने 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में यूसीसी को लेकर पारित संकल्पों का समर्थन करते हुए कहा कि ग्राम सभाओं में छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू नहीं किए जाने की मांग उठाई गई है। साथ ही, भविष्य में यूसीसी लागू होने की स्थिति में अनुसूचित जनजाति समाज को इसके दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की कस्टमरी लॉ, सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति और सामुदायिक संस्थाएं उसकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। संविधान के अनुच्छेद 244, पांचवीं अनुसूची तथा पेसा कानून के प्रावधानों और भावना को ध्यान में रखते हुए इन व्यवस्थाओं का संरक्षण किया जाना आवश्यक है।



56 लोगों ने किया रक्तदान



दंतेवाड़ा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके मार्गदर्शन में आज सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें आदर्श महाविद्यालय जवांगा के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित की गई। रक्तदान शिविर में 56 से अधिक लोगों ने अपना रक्तदान किया। शिविर में ब्लड बैंक इकाई प्रभारी डॉक्टर रवि शंकर खटकड़ के द्वारा लोगों को रक्तदान का विशेष महत्व समझाते हुए भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जवानों ने साफ-सफाई कर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

241वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा ग्राम पंचायत सेडवा में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

इस दौरान 241वीं वाहिनी के अधिकारीगणों, जवानों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए ग्राम पंचायत परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की। सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर



एकत्रित कचरे को हटाकर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

कमांडेंट हरविंदर सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निस्तारण तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के संबंध में जागरूक किया। उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अपने घर, गांव एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

241वीं वाहिनी द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा दायित्वों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के साथ बेहतर समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने तथा सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ये रहे मौजूद

संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार मीणा उप कमांडेंट अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान तथा ग्राम पंचायत सेडवा के सरपंच एवं ग्रामीणजन।

हाट-बाजार शेड के पुनर्निर्माण की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

किरंदुल चैंबर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर मुख्य बाजार प्रवेश द्वार के पास गड्ढे में स्थित हाट-बाजार शेड के पुनर्निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि एनएमडीसी द्वारा वर्षों पहले निर्मित यह शेड मुख्य सड़क से 5-6 फीट नीचे गड्ढे में बना है। बारिश के दिनों में इसमें पानी भर जाता है, जिससे दुकान चलाना मुश्किल हो जाता है। ग्राहक नीचे उतरकर सब्जी लेने से कतराते हैं, जिससे व्यापार बाधित होता है। वर्षों से खाली पड़ा यह शेड अब कचरे का भंडार बन गया है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि उक्त शेड को तोड़कर पूरे गड्ढे में मिट्टी भराव कर सड़क लेवल पर नवीन शेड का निर्माण किया जाए। इससे व्यापारियों की समस्या का समाधान होगा, आदिवासी सब्जी विक्रेता आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे और मुख्य सड़क पर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी।

इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारी, कार्यालय सचिव राजेश वेपराल सहित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र सोनी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रतिलिपि नगर पालिका अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

पेज 11 के शेष

निजी जमीन के 178...

पेड़ों की कटाई की जानकारी सामने आने के बाद संबंधित विभागों ने लकड़ी को अपने कब्जे में लेते हुए जब्ती की कार्रवाई की।

फाइनेंस बैंक कांकेर ...

शिवप्रसाद मरकाम की शिकायत से हुई। उन्होंने बैंक को बताया कि उनके खाते से चेक के माध्यम से 1 लाख 20 हजार रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। बैंक की जांच में यह राशि छाया साहू के खाते में पहुंचना पाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद संबंधित खाते को फ्रीज कराया गया। इसके बाद ग्राहक उमेश जैन ने शिकायत की कि उन्होंने रोहित कुमार सिन्हा के खाते में 48 हजार रुपये जमा किए थे, लेकिन राशि संबंधित खाते में नहीं पहुंची। उनके पास तत्कालीन कैशियर के हस्ताक्षर वाली जमा रसीद भी थी। बैंक जांच में यह रकम कथित रूप से रामभरोस मंडावी के खाते में जमा होना पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त खाते से बाद में एटीएम के जरिए 50 हजार रुपए निकाले गए, जबकि संबंधित ग्राहक ने बैंक से एटीएम कार्ड प्राप्त करने से इंकार किया। मामले में सबसे बड़ी गड़बड़ी तब सामने आई, जब ग्राहक लक्ष्मण सिंह अपने केसीसी खाते से 4 लाख 72 हजार रुपये निकालने बैंक पहुंचे। खाते की जांच में अलग-अलग चेक के जरिए रकम अन्य खातों में ट्रांसफर करने और नकद निकासी किए जाने की जानकारी सामने आई।

भाजपा पदाधिकारियों व पार्षदों ने श्रमदान कर की साफ-सफाई

चारामा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत चारामा द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान में भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया। जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता कर्मियों के साथ मिलकर सफाई कार्य किया तथा नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्य में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में लोगों से अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील भी की गई। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत अथवा सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यदि आमजन स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने आसपास गंदगी न फैलाने का संकल्प लें, तो नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के प्रयासों को और गति मिलेगी। इस अवसर पर महिला उमा देवी शर्मा, संतोष नाहर, रजनी यादव, परमेश्वर यादव, जागेश्वर सिन्हा, संदीप मेश्राम, धर्मेंद्र कुंजाम एवं लोकेश देवांगन सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी और सफाई कर्मी उपस्थित रहे।



बच्चों के बेहतर भविष्य व पोषण के लिए सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीडीएस के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत मद्देड़ के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में भव्य आंगन मिलन उत्सव, सुपोषण चौपाल एवं गोद भराई अन्न प्राशान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से ग्रामीण समुदाय को जोड़ना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना रहा।

आत्मीय संवाद और जागरूकता का केंद्र बना उत्सव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, माताओं, बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद हुआ। ग्रामीणों ने केंद्र में संचालित गतिविधियों का जायजा



लिया और बच्चों के बेहतर पोषण व सर्वांगीण विकास पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित सुपोषण चौपाल में गर्भवती महिलाओं और माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही गोद भराई की रस्म निभाकर गर्भवती महिलाओं को उनके स्वस्थ मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सरस्वती संड्रा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण और संस्कारों की मजबूत आधारशिला हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब जनभागीदारी सुनिश्चित होगी।

मद्देड़ ग्राम उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी ने गांव के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ग्रामीणों से लगातार सहयोग करने की अपील की। विभागीय अधिकारियों ने भी हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सभी सेवाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रहे उपस्थित इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले, परियोजना अधिकारी आर्यन राठौर, जनपद सदस्य सरस्वती संड्रा, ग्राम सरपंच शारदा संड्रा, उप सरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी, सुपरवाइजर सावित्री मीरी, सेवानिवृत्त शिक्षक जी. पोचेया, मितानिन सुशीला झाड़ी, वार्ड पंच मनोज कासोंजी, ममता जंगम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांता मरकाम, सरिता कोनडेटी, अनिता चेताल सहित क्षेत्र के पत्रकार बंधु मुक्ति नाथ सिंह ठाकुर, जगदीश शर्मा, ग्रामीण माता-बहनें व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



छात्राओं को दी महिला सुरक्षा की जानकारी

कांकेर। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में महिला रक्षा टीम एवं साइबर सेल ने एमए इंस्टीट्यूट में साइबर जागृति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्राओं को महिला सुरक्षा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, ऑनलाइन फ्रॉड एवं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की जानकारी दी गई। अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता समझाते हुए 81 छात्राओं से ऐप डाउनलोड कराया गया।

नवज्योत मां दुर्गोत्सव समिति गठित व नवरात्रि पर चर्चा की

दुर्गूकोंदल। शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा पर्व को लेकर दुर्गूकोंदल में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवज्योत मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य दुर्गा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति इस वर्ष दुर्गा उत्सव का 31वां वर्ष मनाने जा रही है। आयोजन की तैयारियों को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा नौ दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सोमल जैन को अध्यक्ष, लालजी दुग्गा एवं अमन सिंह को उपाध्यक्ष, नरेन्द्र जैन एवं दीपक जैन को सचिव तथा अमित कनोजिया एवं गैदलाल लावते को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा समिति के संरक्षक मंडल में लालजी दुग्गा, मानुराम दुग्गा, श्रीराम बघेल, मंगिया यादव, श्यामलाल दुग्गा, शिवचरण सिन्हा, आनंद माहवे, मुन्ना सिन्हा, मेहतरू यादव, शालिक राम शांडिल्य, सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, हुमन मरकाम, गोपी बढ़ाई, अशोक जैन, हेमंत श्रीवास्तव, चैतु नरेटी, शिवभुवन सिंह, रमेश विश्वास, रामदास, शंकर मलिक, माहरू राम जैन, सुमन नाग, हेमंत नाग, विनोद पारख, राजकिशोर पारख, मुकेश देवांगन, जे गौतम एवं एमएल दुगे सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना, विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती, भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई।

सोने के हंडे के लिए तंत्रमंत्र करने का खुलासा

जगदलपुर। नगरनार थाना क्षेत्र के कोहकापाल में नरबलि के लिए बच्चे को अगवा किए जाने के मामले की जांच में नया तथ्य सामने आया है। पुलिस ने जारी स्पष्टीकरण में बताया कि नरबली के प्रयास की बात असत्य है और जांच में सामने आया तथ्य अलग है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोहकापाल थाना नगरनार क्षेत्र के एक किशोर बालक को कुछ व्यक्तियों द्वारा गलत तरीके से रोखकर रखने तथा तंत्र-मंत्र से संबंधित गतिविधि किए जाने की घटना के संबंध में विगत दो दिनों से लगातार जांच एवं पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा पीड़ित व प्रार्थी के अलावा संबंधित व्यक्तियों एवं अन्य संभावित गवाहों से विस्तृत पूछताछ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा सोने का हंडा प्राप्त होने की अंधविश्वासपूर्ण धारणा के चलते किशोर बालक के साथ तंत्र-मंत्र संबंधी गतिविधि की गई थी।

नाम परिवर्तन की सूचना

मैं विजय कुमार सलाम पिता रघुनाथ, निवासी ग्राम ओडाहूर पोस्ट- साधुमिचगांव तहसील व थाना - दुर्गुकोन्दल जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) ने अपना पुराना नाम विजय कुमार सलाम (VIJAY KUMAR SALAM) पिता- रघुनाथ (RAGHUNATH) से बदलकर बिजेन्द्र कुमार (BIJENDRA KUMAR), पिता- रघुनाथ (RAGHUNATH) नया नाम रख लिया है।

आवेदक- विजय कुमार सलाम

सेवा सेतु शिविर के 134 आवेदनों में से 50 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



दुर्गूकोंदल के ग्राम लोहत्तर में 'सेवा सेतु अभियान सरकारी सेवाओं के कैम्प लगेंगे हर ब्लॉक, नागरिक पाएंगे लाभ ऑन द स्पॉट' के तहत ब्लॉक स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं, मांगों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के संचार एवं संकर्म सभापति विकास राजू नायक रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत लोहत्तर की सरपंच बसंती भालेश्वर ने की। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, उद्योग एवं सहकारिता सभापति निर्मला रजमन कोवाची सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शिविर में ग्राम पंचायत लोहत्तर, परभेली, जाड़ेकुर्से, कराकी, कोंडरूज, बरहेली, चिहरो, गुदुम और राउरवाही सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य अतिथि विकास राजू नायक ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य 'सेवा से समाधान' और 'जनभागीदारी से जनकल्याण' की भावना के साथ ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ना है। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने कहा कि गांव में ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं रखने का सीधा अवसर मिला है। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि सेवा सेतु अभियान ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल है।

शिविर में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनूराम सुखदेवे, खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे, खंड चिकित्सा अधिकारी मनोज किशोरे, बीआरसी लतीफ सोम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार सिन्हा, खाद्य अधिकारी लता भंडारी, थाना प्रभारी लोहत्तर रिषभ बाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

कुम्हार कालेज में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय, दुर्गूकोंदल में बुधवार को सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराने के साथ 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के दौरान 20 से अधिक विद्यार्थियों ने मतदाता पंजीकरण कराया। विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं संबंधित प्रपत्रों की जानकारी दी गई। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने विद्यार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सहयोग करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दुर्गूकोंदल सुमित देवांगन, तहसील कार्यालय के निर्वाचन लिपिक नारद नायक सहित विभिन्न क्षेत्रों के बीएलओ मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता की भूमिका और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा जारी निर्देशों के तहत 30 सितंबर को मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण से संबंधित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में महाविद्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवा वर्ग को मतदाता सूची में पंजीकरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में पहल की गई।

वन अधिकार व पेसा कानून पर टास्क फोर्स समिति ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




वन अधिकार अधिनियम, 2006 एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा वन अधिकार दावों के निराकरण में आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को जिला कार्यालय कांकेर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स समिति के सदस्य कृष्ण कुमार वैष्णव एवं सुबोध कुमार पांडे शामिल हुए।

बैठक में सदस्यों द्वारा जिले में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन की प्रगति तथा वन अधिकार दावों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों से वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सदस्यों ने वन अधिकार के क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर से प्राप्त राशि का समुचित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामसभाओं से प्राप्त माइक्रोप्लान पर प्राथमिकता के साथ अग्रिम कार्यवाही करने को कहा, ताकि वन अधिकार प्राप्त हितग्राहियों एवं ग्राम समुदायों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में ग्रामों के चयन तथा सीएसओ, अशासकीय संस्थाओं एवं स्थानीय संस्थाओं के चयन के संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में क्वांर नवरात्रि की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



आदि शक्ति मां बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। नवरात्र महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से मंदिर प्रांगण में मां बंजारी जनसेवा समिति की बैठक अध्यक्ष विजय पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नवरात्र के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सजावट, मनोकामना ज्योति कलश और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति ने इस वर्ष मनोकामना ज्योति कलश के तेल के लिए 1101 रुपये की राशि निर्धारित की है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित करा सकेंगे। समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से नवरात्र के पावन अवसर पर अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने की अपील की है। नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार को अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर घट स्थापना के साथ होगा। इसके बाद 15 अक्टूबर को पंचमी पूजन, 19 अक्टूबर को अष्टमी हवन-पूजन तथा 20 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए समिति ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने का निर्णय लिया है। बैठक में मंदिर परिसर की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई, रंग-रोगन एवं आकर्षक सजावट पर विशेष जोर दिया गया। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने और पूरे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। मनोकामना ज्योति कलश के लिए श्रद्धालु मां बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी, प्रियांशु किराना स्टोर हाहालद्दी, सुमन जनरल स्टोर बस स्टैंड दुर्गुकोंदल तथा सावंत राम साहू, बड़गांव में निर्धारित राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

वाहनों की लागातार चोरी की परिवहन संघ ने की शिकायत

भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ ने परिवहन संघ के वाहनों से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए उचित वैधानिक कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। संघ के अनुसार नगर क्षेत्र एवं आसपास खड़े परिवहन संघ के वाहनों को असामाजिक एवं अज्ञात तत्वों द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। वाहनों से बैटरी, डीजल, बैटरी की वायरिंग, टायरपाल एवं अन्य कीमती वाहन कल-पुर्जों की चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

पालक-बालक-शिक्षकों के बैठक में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भड़ारडिगी में पालक-बालक-शिक्षक बैठक का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी की उपस्थिति में किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों, भोजन, खेल, अनुशासन और स्वच्छता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान पालकों को विद्यार्थियों के यूनिट टेस्ट एवं मासिक रिपोर्ट की जानकारी दी गई। विषयवार प्रगति और अध्ययन स्तर की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों की कमजोरियों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन देने पर जोर दिया गया। शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए विद्यालय और पालकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और पालकों के बीच निरंतर संवाद जरूरी है। बच्चों के विकास को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखते हुए उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। बैठक में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को निर्धारित मीनू चार्ट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।

राम वाटिका में स्वच्छता अभियान वन विभाग का है रचनात्मक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



वन परिक्षेत्र कापसी द्वारा गुरुवार को पखांजूर स्थित राम वाटिका में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ आमजन में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

अभियान का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम ने किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने राम वाटिका परिसर में विशेष साफ-सफाई की। परिसर में जगह-जगह फैले कचरे, सूखे पत्तों और प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्र कर हटाया गया। सफाई के बाद राम वाटिका परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासकीय एवं सार्वजनिक परिसरों को स्वच्छ रखना तथा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने आमजन से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

चारामा के ढाबे बने शराबखोरी के अड्डे, दो को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



चारामा में ढाबों और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ चारामा पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर लोगों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान मौके से शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास और चखना बरामद किया गया। पुलिस की कार्रवाई के बाद ढाबा संचालकों और शराबखोरी को बढ़ावा देने वालों में हड़कंप की स्थिति है।

पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि चारामा स्थित पप्पू ढाबा में कुछ लोगों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम ने ढाबे की घेराबंदी की। पुलिस को आता देखकर वहां शराब पी रहे कुछ लोग मौके से भाग निकले। इस दौरान ढाबे में काम करने वाला सिरसिदा निवासी 50 वर्षीय राजकुमार धाकड़े पिता कंगलू राम धाकड़े हाल निवासी पप्पू ढाबा चारामा पुलिस के हाथ लगा। पूछताछ के दौरान राजकुमार ने ढाबे में लोगों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी दिन पुलिस ने दूसरी कार्रवाई करते हुए कापे नाकापारा चारामा निवासी 44 वर्षीय रवि शंकर देवांगन को पकड़ा। पुलिस के अनुसार रविशंकर भी लोगों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

पीवी ऐप से फसल सत्यापन के विरोध में कृषि विस्तार अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



फसल गिरदावरी वर्ष 2026-27 के लिए पीवी ऐप के माध्यम से फसल भौतिक सत्यापन का कार्य कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों आरएईओ से कराए जाने के विरोध में विकासखंड कोयलीबेड़ा के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने बुधवार को तहसीलदार पखांजूर को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय उपाध्यक्ष रथीन बैनर्जी एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष मानिक साहा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अधिकारियों ने पीवी ऐप के माध्यम से फसल सत्यापन का कार्य करने में असमर्थता जताते हुए प्रशासन से इस संबंध में उचित व्यवस्था करने की मांग की।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि फसल गिरदावरी के तहत फसल सत्यापन का कार्य अब तक राजस्व विभाग द्वारा पटवारियों के माध्यम से कराया जाता रहा है। इस वर्ष भी पटवारियों को 21 एवं 22 सितंबर 2026 को पीवी ऐप के माध्यम से यह कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अब उक्त कार्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से कराए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि फसल गिरदावरी का कार्य राजस्व विभाग द्वारा पिछले कई दशकों से किया जाता रहा है। ऐसे में अचानक यह जिम्मेदारी कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सौंपना व्यावहारिक नहीं है। विकासखंड में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की संख्या भी सीमित है। कई अधिकारियों को दो से तीन अतिरिक्त क्षेत्रों का कार्यभार संभालना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पहले से ही विभागीय कार्यों का अतिरिक्त बोझ होने के कारण पीवी ऐप के माध्यम से फसल सत्यापन का कार्य करना उनके लिए कठिन होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि फसल सत्यापन के कार्य के लिए उचित व्यवस्था की जाए तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं डाली जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रितेश पटेल, उत्तम सरकार, चेतन प्रसाद देहारी, रथीन विश्वास, प्रभात विश्वास सहित विकासखंड कोयलीबेड़ा के अन्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की आरक्षण रैली कल

दुर्गूकोंदल। छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा 3 अक्टूबर को कोंडागांव में प्रस्तावित रैली एवं महाप्रदर्शन की तैयारियों को लेकर कोड़ेकुर्से में बैठक हुई। 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत जनगणना एवं पिछड़ा वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में रामलाल जैन, रघुनंदन गोस्वामी, शत्रुघ्न जैन, महेश जैन, रुपेश पांडे, तरुण सिन्हा, चमरसिंग जैन, लक्ष्मण सेन, राकेश पांडे, प्रकाश यादव सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम हिगंझार निवासी 21 वर्षीय लोकेश सलाम पिता बीड़ाराम सलाम ने अज्ञात कारणों के चलते 29 सितंबर की रात 9 से 12 बजें के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते घर बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

ग्राम पंचायतों में आज से ग्रामसभाएं होंगी

कांकेर। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से ग्रामवार ग्रामसभा का आयोजन कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार किया जाएगा। ग्रामसभा में शासन की योजनाओं, विकास कार्यों एवं स्थानीय विषयों पर चर्चा होगी। आयोजन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को शासकीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है।

जन्मदिन मनाया व बच्चों को हलवा-पूरी खिलाया



बासनवाही। कांग्रेस नेता एवं दुधावा मंडल अध्यक्ष भीखम सोरी ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवा भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मावलीपारा पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज में सहभागिता की। उन्होंने बच्चों को अपने हाथों से खीर, पूड़ी, चावल और सब्जी परोसी। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासनवाही पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए फल वितरित किए।

कोदापाखा में सात से क्रिकेट प्रतियोगिता

दुर्गूकोंदल। ग्राम कोदापाखा में नया सवेरा नवयुवक मंडल के तत्वाधान में 7 से 10 अक्टूबर तक चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 20 हजार, उपविजेता को 12 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 751 रुपए निर्धारित है।

मौत के दो प्रकरण पर 8 लाख की मदद मंजूर

कांकेर। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत आग में जलने और तालाब में डूबने के मामले में कलेक्टर कुंदन कुमार ने दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम भीरावाही निवासी पुसऊ राम दुग्गा की आग में जलने से मृत्यु पर परिजन जहिलाबाई दुग्गा एवं खारोबाई दुग्गा को चार लाख तथा सरोना तहसील के ग्राम भैंसमुण्डी (गागरू) निवासी चम्पालाल की डूबने से मृत्यु पर पत्नी हरदई गुरूवर को चार लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व नवाचार को समाधान की कुंजी बनाएंगे युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्थानीय समस्याओं का समाधान अब सिर्फ शिकायतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवा अपने नए आइडिया और तकनीकी सोच के जरिए उनके समाधान की राह तलाशेंगे। इसी उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

आयोजित कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन एवं सहायक प्रबंधक रेनू ध्रुव ने विद्यार्थियों को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य और नवाचार एवं उद्यमिता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप योजना एवं

पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन



सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के संबंध में विस्तार से बताते हुए पंजीयन प्रक्रिया, विभागीय प्रोत्साहन तथा उपलब्ध सहयोग के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

अधिकारियों ने बताया कि 23 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से इसमें पंजीयन कर सकते हैं। उन्हें दैनिक जीवन, समाज और स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक एवं नवाचारी समाधान के रूप में अपने आइडिया प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवाचार और उद्यमिता के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें समस्या समाधान की दिशा में रचनात्मक सोच के लिए प्रोत्साहित करना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि उनके छोटे-छोटे विचार भविष्य में स्टार्टअप और स्वरोजगार का आधार बन सकते हैं।

कचरे के ढेर, दुर्गंध और पानी के अभाव से व्यापारी-ग्राहक परेशान, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

चारामा साप्ताहिक बाजार बना गंदगी का अड्डा, सुविधाएं गायब व टैक्स का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

ब्लॉक मुख्यालय चारामा का गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार इन दिनों अव्यवस्था और गंदगी की वजह से लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मंडी परिसर में लगने वाली बाजार की टैक्स वसूली मंडी विभाग लेता है, परंतु सफाई मँडी विभाग नहीं करवाता है, जिससे क्षेत्र के व्यापारी और आम आदमी मंडी परिसर में फैली गंदगी से बेहद परेशान है। मंडी विभाग के आला अफसरों को यहां रहते हुए उनको बदबू का एहसास नहीं होता है।

सप्ताहिक बाजार में आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के लिए यह बाजार खरीदारी और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। बाजार के दिन स्थानीय व्यापारियों के साथ ही आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचते हैं। सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, बर्तन, किराना, सब्जी सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं और हजारों लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचते हैं। इसके बावजूद बाजार परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। बाजार परिसर में जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ है और कई स्थानों पर कचरे के ढेर दिखाई देते हैं। लंबे समय तक कचरा नहीं उठाए जाने के कारण दुर्गंध फैलने के साथ ही संक्रमण और बीमारी का खतरा भी बना हुआ है। सबसे चिंताजनक स्थिति उन स्थानों की है, जहां सब्जी और खाद्य सामग्री की दुकानें लगती हैं। खुले में पड़ा कचरा और गंदगी खाद्य पदार्थों की बिक्री वाले स्थानों की स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



प्रसाधन बना, लेकिन पानी की व्यवस्था नदारद

बाजार परिसर में सार्वजनिक प्रसाधन के लिए निर्माण तो कराया गया है, लेकिन वहां पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने की शिकायत सामने आ रही है। पानी के अभाव में प्रसाधन का उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने पर गंदगी की समस्या और बढ़ जाती है। गुरुवार को बाजार में महिलाओं, बुजुर्गों और दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों की बड़ी संख्या रहती है। ऐसे में सार्वजनिक प्रसाधन जैसी बुनियादी सुविधा का सुचारु संचालन बेहद जरूरी है।

सेवा संकल्प अभियान के बीच व्यवस्था पर सवाल

एक ओर शासन और विभिन्न संगठनों द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता एवं जनहित से जुड़े अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ब्लॉक मुख्यालय के प्रमुख बाजार स्थल पर ही गंदगी के ढेर नजर आना व्यवस्था की विडंबना को सामने ला रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और व्यापारी प्रतिदिन पहुंचते हैं, वहां स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

टैक्स लिया जाता है सुविधाएं क्यों नहीं ?

बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों से मंडी प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क और टैक्स की वसूली की जाती है। व्यापारियों का सवाल है कि जब उनसे नियमित रूप से शुल्क लिया जाता है तो उसके अनुरूप बाजार में मूलभूत सुविधाएं क्यों उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। उनका कहना है कि राजस्व वसूली के साथ बाजार को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग की है।

जवाबदेही तय करने की मांग

चारामा का साप्ताहिक बाजार केवल व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने बाजार परिसर की नियमित सफाई, समय पर कचरा उठाव, पर्याप्त पेयजल और प्रसाधन में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

पिकनिक में गए दसवीं के दो छात्रों की करकाघाट नदी में डूबने की आशंका



समाचार लिखे जाने तक तीन घंटे से तलाश जारी थी, अभी तक सुराग नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

महाराष्ट्र के करकाघाट में पिकनिक मनाने गए इरपनार स्कूल के दो छात्र नहाने के दौरान नदी के गहरे पानी में चले जाने के बाद लापता हो गए। घटना के बाद से दोनों छात्रों की तलाश लगातार जारी है। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों के साथ पुलिस और रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुट गई है। करीब तीन घंटे बीत जाने के बाद भी दोनों छात्रों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

जानकारी के अनुसार इरपनार स्कूल में अध्ययनरत नौ छात्र पिकनिक मनाने महाराष्ट्र के करका घाट, थाना कसनसुर क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान नदी में नहाते समय कक्षा 10 वीं में पढ़ने वाले 15 वर्षीय अभिजीत बिस्वास पिता अशोक बिस्वास निवासी पीव्ही 109 गोपालपुर और 15 वर्षीय शाहिल वर्मन पिता सुजीत वर्मन निवासी पीव्ही 105 विकासपल्ली गहरे पानी में चले गए। दोनों के नदी में लापता होने के बाद उनके साथ गए छात्रों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। घटना के समय उनके साथ मौजूद सात अन्य छात्र हर्षित बिस्वास पिता आनंद बिस्वास निवासी पीव्ही-110, कक्षा 9वीं धीरज बिस्वास पिता गोविंद बिस्वास निवासी इरपनार, कक्षा 10 वीं प्रीतीश मंडल पिता पिंटू मंडल निवासी पीव्ही-110, कक्षा 10 वीं पियूष सरकार पिता हरि सरकार निवासी पीव्ही-107, कक्षा 10वीं अंकुश जोद्दार पिता ब्रजेन जोद्दार निवासी पीव्ही-109, कक्षा 10वीं देव बिस्वास पिता प्रभाष बिस्वास निवासी पीव्ही-107, कक्षा 9वीं और अर्जुन समद्दार पिता बबलू समद्दार निवासी इरपनार नया पारा कक्षा 10 वीं सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने नदी में छात्रों की तलाश शुरू कर दी।

बांदे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है, वहीं कसनसुर थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दे दी गई है। एसडीओपी के माध्यम से महाराष्ट्र पुलिस को भी सूचना दी गई है और स्थानीय पुलिस टीम से रेस्क्यू अभियान में सहयोग करने कहा गया है। इधर, कांकेर से भी रेस्क्यू टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है।

सेवा सेतु अभियान के तहत चार गांवों में चलित थाना

कांकेर। सेवा सेतु अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने ग्राम भूरसातरहुल, लोहत्तर, जाड़ेकुर्से एवं परभेली में चलित थाना आयोजित किया। करीब 500 ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, यातायात नियम एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने ओटीपी, पिन, सीवीवी व बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी। साइबर ठगी पर 1930 पर शिकायत की जानकारी दी गई। ग्राम स्तर पर पूर्ण नशाबंदी के लिए समिति गठित कर ग्राम सभा में प्रस्ताव भी पारित किया गया।

बीईओ ने सटेली प्राशा भवन की मरम्मत का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

ग्राम पंचायत राउरवाही अंतर्गत ग्राम सटेली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, भवन की स्थिति एवं विद्यालय परिसर का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन कई स्थानों पर जर्जर स्थिति में पाया गया। कक्षा कक्षों की दीवारों में दरारें, छत से प्लास्टर उखड़ने तथा बच्चों के बैठने की व्यवस्था से संबंधित समस्याएं सामने आईं। भवन की स्थिति को देखते हुए बीईओ ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए आवश्यक सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया। बीईओ विप्लव डे ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी है।



सटेली प्राशा का बीईओ ने किया निरीक्षण

उन्होंने ग्राम पंचायत राउरवाही के सहयोग से विद्यालय भवन की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य जल्द कराने की बात कही।

उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक विद्यार्थी का जन्मदिन भी मनाया गया। बीईओ एवं उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने बच्चे को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे विद्यालय का माहौल भी उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर बीआरसी सोम, संकुल समन्वयक तुलसी केमरो, प्रधान अध्यापक जितेंद्र नायक, प्रिंसिपल आवडे एवं ग्राम पंचायत राउरवाही के सरपंच बलराम टेपारिया सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

नशे के खिलाफ ग्रामीणों की 6 को जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और युवाओं सहित आने वाली पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से दूर रखने के उद्देश्य से पोटगांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे के बढ़ते प्रभाव, इससे होने वाले सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान तथा नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 अक्टूबर को पोटगांव में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं और आम नागरिकों को शराब, तंबाकू, गुटखा सहित अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। रैली के दौरान नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और नशामुक्त गांव-स्वस्थ समाज जैसे जनजागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि नशे की समस्या केवल



नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। ऐसे में नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास और निरंतर जनजागरूकता जरूरी है। बैठक में रैली के आयोजन की सूचना एवं आवश्यक अनुमति तथा व्यवस्था के संबंध में स्थानीय थाना में आवेदन देने का निर्णय भी लिया गया। रैली को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। आयोजकों ने गांव के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ लगातार जनजागरूकता अभियान चलाने और पोटगांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



कोदागांव मोड़ पर क्रूजर की ठोकर से बाइक चालक बिजली कर्मी घायल

कांकेर। कोरर थानांतर्गत ग्राम पोटगांव निवासी बिजली विभाग लखनपुरी में परिचालक के पद पर कार्यरत एक कर्मचारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। दुर्घटना ग्राम कोदागांव मोड़ के पास हुई, जहां सामने से आ रही क्रूजर वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल के हैंडल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे जा गिरा और उसके हाथ-पैर में चोटें आईं। घायल ने प्राथमिक इलाज के बाद 30 सितंबर को थाना कोरर पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दिए लिखित आवेदन के अनुसार प्रार्थी ने बताया कि अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएल 5140 से ग्राम पोटगांव से लखनपुरी स्थित अपने कार्यस्थल पर ड्यूटी के लिए जा रहा था। वह ग्राम कोदागांव मोड़ के पास पहुंचा था, तभी सामने से क्रूजर वाहन क्रमांक सीजी 18 के 2870 आ रहा था। क्रूजर चालक वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से लाया और मोटरसाइकिल के हैंडल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और चालक मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे जा गिरा।

खंगाले जा रहे हेरोइन सप्लाई के तार

धमतरी, चारामा और कांकेर के युवक से 1 ग्राम हेरोइन बरामद

चारामा में हेरोइन का खेल बेनकाब, मिले नेटवर्क में सरगना की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा में पहली बार मिली हेरोइन के बाद पुलिस अब इसके स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है। तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के आधार पर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हेरोइन कहां से लाई गई और इसके पीछे सप्लाई करने वाले कौन लोग हैं। मामले में आगे और गिरफ्तारियां होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

उजियारा अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। थाना चारामा एवं जिला साइबर सेल की टीम को चारामा क्षेत्र में लंबे समय से चिट्टा (हेरोइन) की अवैध खरीदी-बिक्री किए जाने की सूचना मुखबिर के माध्यम से मिल रही थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। निगरानी के दौरान संदिग्धों की गतिविधियां सामने आने पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। पुलिस टीम ने तीन



संदिग्धों को पकड़कर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद हेरोइन कहां से लाई गई थी और इसे क्षेत्र में किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर संभावित सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बरामद सामग्री को जब्त करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (क) एवं 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

हेरोइन मामले में आरोपी गिरफ्तार

हेरोइन के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में धोबी चौक रामसागरपारा धमतरी निवासी 21 वर्षीय वेदराज सिंह उर्फ बाली राजपूत पिता राजा सिंह, ग्राम अरौद थाना नरहरपुर क्षेत्र निवासी 27 वर्षीय गौरव पटेल पिता देवकरण पटेल तथा संजय नगर जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 21 वर्षीय दानिष अली पिता सैयद अली शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन यानी चिट्टा बरामद करने के साथ ही चार मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल और 7 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1 लाख 63 हजार रुपये बताई गई है।

कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, निरीक्षक राजेन्द्र साहू, उनि सोनराज सूर्यवंशी, सउनि दुष्यंत दीवान, भकेष पटेल, पुरुषोत्तम कतलाम, प्रआर छेदन सोनकर, नारद देवांगन, आरक्षक सचिन शोरी, रामरतन निषाद, प्रणय यादव, जितेन्द्र नाग, भूपेन्द्र नेताम, ज्ञानचंद ठाकुर, कृष्ण कुमार केसरी एवं तरूण सिन्हा का योगदान रहा।



